अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबंध निदेशक (अध्यक्षों) के नाम और उनके कार्यकाल की सूची

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष किसे कहते है?

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) एक अंतरसरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विनिमय दर को स्थिर करने के लिए की गई थी। यह अपने सदस्य देशों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। यह संगठन अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय दरों को स्थिर रखने के साथ-साथ विकास को सुगम करने में सहायता करता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का मुख्यालय वॉशिंगटन डी॰ सी॰, संयुक्त राज्य अमेरिका में है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना 27 दिसम्बर 1945 को हुई थी।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का उद्देश्य:

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुख्य उद्देश्य आर्थिक स्थिरता सुरक्षित करना, आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना, गरीबी कम करना, रोजगार को बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सुविधाजनक बनाना है। आईएमएफ के कुल 186 सदस्य देश हैं। 29 जून 2009 को कोसोवो गणराज्य 186वें देश के रूप में शामिल हुआ था।

मुख्यालय	वॉशिंगटन डी॰ सी॰, संयुक्त राज्य अमेरिका
स्थापना	27 दिसम्बर 1945
कुल सदस्य देश	186 (2009 के अनुसार)
वर्तमान प्रबंध निदेशक	क्रिस्टीन लेगार्ड (फ्रांस)
प्रथम प्रबंध निदेशक	कैमिल गट (बेल्जियम)

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबंध निदेशक के कर्तव्य:

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का नेतृत्व प्रबंध निदेशक द्वारा किया जाता है जोकि कर्मचारियों का प्रमुख होता है और कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है। उसके पास आईएमएफ के कर्मचारियों की नियुक्ति और बर्खास्तगी के अधिकार होंगे। इसके साथ-साथ प्रबंध निदेशक को आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की देख रेख में काम करना होगा। 24 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड द्वारा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबंध निदेशक का चयन किया जाता

है। आईएमएफ के प्रबंध निदेशक की सहायता के लिए प्रथम उप प्रबंध निदेशक और 3 उप प्रबंध निदेशक भी नियुक्त होंगे।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्तमान प्रबंध निदेशक:

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्तमान अध्यक्ष (प्रबंध निदेशक) क्रिस्टीन लेगार्ड है। उन्होंने 05 जुलाई 2011 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 11वें प्रबंध निदेशक के रूप में पद संभाला था और वह 06 जुलाई 2016 से अपना दूसरा 5 वर्षीय कार्यकाल पूरा कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पहले प्रबंध निदेशक श्री कैमिल गट थे।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबंध निदेशकों की सूची:

नाम	**कार्यकाल**
केमिल गट (बेल्जियम)	06 मई 1946 से 05 मई 1951 तक
आइवर रूथ (स्वीडन)	03 अगस्त 1951 से 03 अक्टूबर 1956 तक
पेर जैकबसन (स्वीडन)	21 नवंबर 1956 से 05 मई 1963 तक
पियरे-पॉल श्वित्ज़र (फ्रांस)	01 सितंबर 1963 से 31 अगस्त 1973 तक
जोहान विट्टवेन (नीदरलैंड)	01 सितंबर 1973 से 18 जून 1978 तक
जैक्स डे लारोसीएर (फ्रांस)	18 जून 1978 से 15 जनवरी 1987 तक
मिशेल कैमडेसस (फ्रांस)	16 जनवरी 1987 से 14 फरवरी 2000 तक
हॉर्स्ट कोहलर (जर्मनी)	01 मई 2000 से 04 मार्च 2004 तक
रॉड्रिगो राटो (स्पेन)	07 जून 2004 से 31 अक्टूबर 2007 तक
डोमिनिक स्ट्रॉस-कान (फ्रांस)	01 नवम्बर 2007 से 18 मई 2011 तक
क्रिस्टीन लेगार्ड (फ्रांस)	05 जुलाई 2011 से वर्तमान तक